## संक्षिप्त खबरें

### आंगनबाड़ी केन्द्रो पर चल रहे टीएचआर वितरण कार्य का निरीक्षण

दानापुर। नगर के अंतर्गत आईसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रो पर चल रहे टीएचआर वितरण कार्य का निरीक्षण किया गया। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आभा प्रसाद ने इस क्रम में रामजीचक स्थित के केन्द्र संख्या 187 पर वृक्षारोपण किया। इस दौरान सीडीपीओ शबीना अहमद उपस्थित थी। वृक्षारोपण करते हुए उन्होने कहा कि आप सभी वृक्षारोपण करे एवं दूसरे को भी वृक्षारोपण करने के लिए जागरूक करे। उन्होने इसके अलावे कई केन्द्र संख्या 164, 169, 179, 234 का भी जायजा लिया। साथ ही सेविका सहायिका एवं लाभार्थियो से बातचीत की। पर्यवेक्षिका एवम सेविका आदि उपस्थित थी। उनकी उपस्थिति में टीएचआर का वितरण किया गया। उधर सीडीपीओ शबीना अहमद ने रुकनपुरा एवं खगौल में कई केंद्रों का जांच कर टीएचआर वितरण कराया गया।

### अनुमंडलाधिकारी ने शनिवार को कार्यपालक पदाधिकारियो के साथ बैठक की

दानापुर। नगर के अंतर्गत अनुमंडलाधिकारी दिव्या शक्ति ने शनिवार को अनुमंडल के नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारियो के साथ बैठक की। अनुमंडल कार्यालय में आयोजित बैठक में उन्होने नगर के साफ सफाई, स्वच्छता व राजस्व समेत अन्य विषयो पर जानकारी लेते हुए विचार विमर्श किया। साथ ही नगर को साफ व स्वच्छ रखने की बात कहते हुए आवश्यक निर्देश दिये। अनुमंडलाधिकारी ने बताया कि नगर निकाय केपदाधिकारियो के साथ नगर की साफ सफाई व स्वच्छता आदि विषय पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में नगर परिषद दानापुर के कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार, खगौल के कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार, समेत बिहटा व मनेर के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्व बसंत लाल गोयल की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आज व कल

पटना सिटी (प्राकि)। विभिन्न साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े और संरक्षक रहे बसंत लाल गोयल का 29 अगस्त को दिल्ली में निधन हो गया। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए युवा संगम के नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि चार्ल्स डार्विन इंग्लिश स्कूल परिसर में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इसमें अध्यक्ष संदीप ड्रोलिया, शिव प्रसाद मोदी, दिनेश अग्रवाल, प्रभात कुमार भारतिया, संजय बूबना, रितेश कमलिया आदि मौजूद रहेंगे। वहीं दूसरी ओर स्वर्गीय बसंती लाल गोयल के परिवार की ओर से भी चौक स्थित जालान भवन में दो सितंबर को अपराह्न 3 से 5 बजे तक श्रद्धांजलि स्मृति सभा का आयोजन किया गया है। अरविंद, अलका, आलोक, ऋचा, अमित, अलका, अमित, रीना, अजय गोयल, धर्मपत्नी सीता देवी, मातादीन गोयल, कैलाश चंद्र गोयल, हनुमान सहाय, शंकर लाल, सुबोध कुमार गोयल, रमेश चंद्र गुप्ता, शंकर प्रसाद अग्रवाल, विजय कुमार गुप्ता आदि मृतात्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजन कर रखे हैं।

# "एक पेड़ माँ के नाम" थीम से पौधारोपण कर पोषण माह की हुई औपचारिक शुरूआत


प्रात :किरण संवाददाता

● सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का प्रसारित किया गया संदेश



पटना- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग, भारत सरकार ने ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व संदेश को प्रसारित करते हुए सातवें पोषण माह की औपचारिक शुरूआत की. अभियान के तहत आज शनिवार को राज्य के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर वृक्षारोपण कर आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया. समाज में पोषण की स्थिति में सुधार करने और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने लिए एक से 30 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जाएगा. इस बाबत डॉ. कौशल किशोर, निदेशक, समेकित बाल विकास निदेशालय, बिहार सरकार द्वारा सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को पत्र जारी कर निर्देश दिया गया है कि 31 अगस्त को सुबह 10 बजे से 11.30 बजे तक जिला/परियोजना एवं आंगनवाड़ी केंद्र स्तर पर विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन कर पोषण माह 2024 का शुभारंभ करें। डॉ. कौशल किशोर ने बताया कि पोषण माह के उद्देश्य मातृ एवं शिशु पोषण, कुपोषण के दंश से मुक्ति, किशोरी बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास को सुनिश्चित करना, पोषण के साथ पढ़ाई एवं पर्यावरण सुरक्षा का संदेश जनमानस तक प्रसारित करना है। ह्लपोषण भी, पढ़ाई भीह्व के संदेश के द्वारा बाल्यावस्था में शिक्षा और पोषण दोनों पर ध्यान देकर एक स्वस्थ एवं सुपोषित समाज का निर्माण करना है। इस वर्ष 1-30 सितंबर, 2024 तक पोषण माह का आयोजन किया जाना है. पोषण माह में विभिन्न विषयों पर गतिविधियाँ आधारित की जायेंगी. ये गतिविधियाँ हैं एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी, पढ़ाई भी, सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि एवं पारदर्शिता लाने के लिए तकनीक का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण, पोषण को प्रभावित करने वाले क्षेत्र एवं सामूहिक जागरूकता गतिविधियाँ। अभियान के दौरान प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर प्रतिदिन अधिकतम पांच गतिविधियाँ आयोजित कर उसका प्रतिवेदन ससमय जन-आन्दोलन डैशबोर्ड पर अपलोड किया जाना है।

# महंत ब्रजेश मुनि ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र किशोर कुणाल को पुनः बनाये परिषद का प्रशासक




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कबीरपंथी मठ के संरक्षक महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कबीरपंथी साधु संतों की ओर से बिहार के मठ मंदिरों के हित में आचार्य किशोर कुणाल को पुनः धार्मिक न्यास परिषद का प्रशासक बनने का आग्रह किया है। इस संदर्भ में महंत ब्रजेश मुनि ने कहा कि बिहार के मठ मंदिरों के बीच आचार्य किशोर कुणाल आईपीएस प्रशासक मंदिर निर्माण, धार्मिक सेवा, जनसेवा स्वास्थ्य सेवा समाज सेवा के क्षेत्र में आद्वीतीय बिहार के गौरव है

पूर्व में उनके दस वर्षों के कार्यकाल में धार्मिक न्यास परिषद का न सिर्फ कायाकल्प हुआ बल्कि कई विवादित मामलों को हल कर मंदिरों का जीर्णोद्धार नवनिर्माण एवं मठों का पुनर्धार कराया गया पर्षद के प्रावधानों में अपेक्षित संशोधन भी किशोर कुणाल द्वारा किया गया। श्री किशोर कुणाल के कार्यकाल में मठ मंदिरों की सेवा पूजा राग भोग भी नियंत्रित करने के लिए कार्य हुआ। कई अतिक्रमित भूमि को भूमाफियाओं से मुक्त करा कर के मठ सार्वजनिक हितों को बढ़ावा दिया गया। किंतु वर्तमान में मठ मंदिर का विवाद चरम सीमा पर है कई मठों में महंत की परंपरा समाप्त कर दी गई है। कई मठ मंदिरों में गठित न्यास समिति विवादों के कारण निष्क्रिय है। न्यास परिषद में विवादास्पद मामले अधिक हैं ऐसे में आचार्य किशोर कुणाल को प्रशासक बनाना मठ मंदिरों के हित में होगा। इसलिए कबीरपंथी साधु संतों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर श्री किशोर कुणाल को बिहार राज धार्मिक न्यास परिषद का अध्यक्ष बनाने की मांग करने का निर्णय लिया है।

# भारत की महिला हॉकी टीम ने तख्तश्री पटना साहिब में दर्शन दीदार किया



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय महिला हॉकी की टीम शनिवार को तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंची। यहां तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, मैनेजर हरजीत सिंह आदि ने स्वागत किया। सबसे पहले टीम की सभी सदस्य मीटिंग हॉल में गए। यहां सबों से बातचीत की गई। फिर इसके बाद चाय-नाश्ता हुआ। फिर सभी दरबार साहिब में गए। बारी-बारी से मत्था टेकने के बाद गुरु घर की परिक्रमा की गई। सबों को सरोपा और पिन्नी प्रसाद प्रदान किया गया। इसके बाद इस स्थान के इतिहास के बारे में सबों को बताया गया। इसके पश्चात मीटिंग हाल में सभी खिलाड़ियों, उनके साथ आए कोच एवं अन्य सहयोगियों को समृति चिन्ह एवं तख्त साहिब के इतिहास की जानकारी देते पुस्तक देकर प्रधान जगजोत सिंह, उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह एवं महासचिव इन्द्रजीत सिंह ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हम प्रार्थना करते हैं कि यह लोग दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश स्थान पर, जिस श्रद्धा भावना से हाजरी भरने पहुंचे हैं, उनके सभी मनोकामनाएं पूरे हों और साथ ही यह अरदास भी की गई कि भविष्य में होने वाले ओलम्पिक और अन्य प्रतियोगिताओं में भी भारतीय महिला हॉकी टीम गोल्ड मेडल जीत कर देश का नाम रोशन करे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह पर विभिन्न खेलों का केंद्रीय विद्यालय, सोनपुर में हुआ आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता




सोनपुर /पटना। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर देश भर में 26 से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी),छपरा द्वारा केंद्रीय विद्यालय,सोनपुर में बॉलीबॉल,टेबल टेनिस और लेमन रेस जैसे खेलो का आयोज किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह के अंतिम दिन केंद्रीय संचार ब्यूरो,छपरा द्वारा केंद्रीय विद्यालय,सोनपुर के मैदान पर बॉलीबॉल प्रतियोगिता का मैच आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने टॉस कर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर के किया।अंडर 14 और अंडर 17 की टीम के बीच बॉलीबॉल मैच खेला गया।दोनो ही टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।अंडर 14 विजेता रही और अंडर 17 उपविजेता।वही टेबल टेनिस टूनार्मेंट में हिमांशु कुमार ने प्रथम,अंकुश कुमार ने दूसरा और सचिन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।छोटे कक्षा 2 के बच्चों के लिए लेमन रेस का आयोजन किया गया। जिसमे प्रिया कुमारी को प्रथम, सानवी को दूसरा और आदया सिंह को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।इस अवसर पर वरीय शिक्षक रामाशीष कुमार ने विभिन्न प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाली टीम और अन्य सभी विजेताओं को मेजर ध्यानचंद्र ट्रॉफी से सम्मानित किया। इस अवसर पर सीबीसी के सर्वजीत सिंह ने छात्रझ्छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की हमे अपने जीवन में खेल को समायोजित करना होगा तभी हमारा सम्पूर्ण विकास हो सकेगा। उन्होंने फिट इंडिया अभियान के तहत सभी को शपथ दिलाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के कोच मनोज कुमार का विशेष योगदान रहा। लगातार तीन ओलंपिक में भारत को स्वर्ण पदक दिला कर देश को गौरवान्वित करने वाले हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनके सम्मान में प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उनकी विरासत आज भी खिलाड़ियों और देशवासियों को प्रेरित कर रही है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हम सभी मिलकर राष्ट्र के खिलाड़ियों के योगदान और समर्पण का सम्मान करते हैं। भारत सरकार द्वारा फिट इंडिया मोबाइल एप्लिकेशन निर्मित किया गया है, जिसके माध्यम से आम लोग अपना त्रैमासिक फिटनेस मूल्यांकन कर सकते हैं। इस अवसर पर मनोज कुमार यादव,राम प्रसाद राय,संजय कुमार,विभाग के शशिकांत महतो सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

# भादो वदी अमावस्या पर दादी जी का महोत्सव 2-3 को

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। श्री राणी सती दादी जी पटना ट्रस्ट न्यास पटना सिटी की महत्वपूर्ण बैठक प्रभात भरतिया की अध्यक्षता में हुई। श्री राणी सती दादी मंदिर के प्रांगण में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भादो बदी अमावस्या महोत्सव दो एवं तीन सितंबर को मिरचाई गली स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर के परिसर में मनाया जाएगा। दो सितंबर सोमवार को संध्या में दादी जी का मेहंदी उत्सव एवं भजन संध्या आयोजित किया जाएगा। मुख्य समारोह तीन सितंबर मंगलवार को मंगला आरती के साथ प्रारंभ होगा। श्री दादी जी का भव्य अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। मंगला आरती के बाद पूजा-अर्चना एवं जात मारवाड़ी समाज की महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे सपरिवार करेंगे। श्री दादी जी का खजाना, चुनरी, मेहंदी गजरा उत्सव के साथ 501 महिलाओं द्वारा सामूहिक मंगल पाठ होगा। मंगल पाठ को स्वर देंगे कोलकाता से आए संजय शर्मा। महोत्सव को सफल बनाने के लिए श्री नारायणी महिला मंडल मंगल सखी, मारवाड़ी महिला समिति पटना सिटी की सदस्याएं सक्रिय हैं। बैठक में गिरधारी लाल सराफ,, प्रभु दयाल भरतिया, पुरुषोत्तम पोद्दार, ईश्वर लाल अग्रवाल, गजानन बूबना, सुभाष झुनझुनवाला, डॉ सुशील पोद्दार, मनोज झुनझुनवाला, राजेश कमलिया, राजेश चौधरी, अमित झुनझुनवाला आदि उपस्थित थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी संजीव देवड़ा ने दी।

# नेत्रदानी परिवार को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र व पौधा भेंट कर किया सम्मानित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



झाऊगंज के रहने वाले अशोक बड़ेलिया की धर्मपत्नी स्व कांता देवी बड़ेलिया का देहांत हो गया। इसके बाद दधीचि देहदान समिति की पहल से परिवार ने नेत्रदान कराया। नेत्रदानी परिवार के आवास पर समिति के महासचिव पद्मश्री बिमल कुमार जैन, उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव एवं समिति के सदस्यों द्वारा धार्मिक, परोपकारी परिवार को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं बिल्व पत्र का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। महासचिव पद्मश्री जैन ने शोकसभा में आए लोगों से आह्वान किया कि महर्षि दधीचि कि इस अंगदान की परंपरा को पुनर्जीवित करें तथा पीड़ित मानवता की सेवा में अपना योगदान दें। मृत्यु सुनिश्चित है, मगर इसके बाद भी अमर होने का श्रेष्ठ तरीका है नेत्रदान। आइए, नेत्रदान/अंगदान के लिए संकल्पित होकर पीड़ित मानवता की सेवा करें।उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने बताया कि नेत्रदानी की याद में बिल्व पत्र पौधा रोपण कर माताश्री के लिए सच्ची श्रद्धांजलि कार्य है।साथ ही पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर समिति के सदस्यों में अरुण सत्यमूर्ति, मुकेश हिसारिया, आनंद प्रधान, नंदकिशोर अग्रवाल, केशरी देवी अग्रवाल, गोविंद कानोडिया, पवन केजरीवाल, बिनोद कुमार, नीतू अग्रवाल, प्रदीप बड़ेलिया, रवि बड़ेलिया, बंटी बड़ेलिया, पारस जैन आदि ने पुष्पाजंलि अर्पित कर विनयाजंलि अर्पित की।

### स्व रामदेव महतो की पुण्यतिथि प्रदेश भाजपा कार्यालय में पांच को

पटना सिटी (प्राकि)। पटना सिटी के गांधी के नाम से मशहूर आरएसएस से जुड़े और भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार में मंत्री रहे स्वर्गीय रामदेव महतो की 17वीं पुण्यतिथि पांच सितंबर को मनाई जाएगी। इस संबंध में उनके पुत्र पवन मेहता ने बताया कि इस बार आयोजन पटना सिटी के बजाय प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित है। दरअसल प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि पुण्यतिथि पटना में और जयंती पटना सिटी में मनाया जाए। यही कारण है कि पांच सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय के अटल सभागार में पुण्यतिथि आयोजित की गई है। इस दौरान बिहार के विकासः संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर परिचर्चा भी होगा।

# पौधे मां के समान, यह करती है प्रकृति की रक्षा : डॉ पूनम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आरपीएम महाविद्यालय परिसर में केंद्र सरकार के कार्यक्रम प्लांट फॉर मदर कैंपेन के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार र्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जयंती रानी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने किया। उन्होंने छात्रों और कॉलेज के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। उन्होंने बताया कि पौधे हमारी मां की तरह काम करते हैं। यह प्रकृति को शुद्ध बनाए रखते हैं। इसलिए व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक डॉ जयंती रानी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल दिया और कहा कि पौधा रोपण केवल पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के सतत विकास के लिए भी आवश्यक है।

प्राचार्या डॉ पूनम ने छात्राओं को नियमित रूप से इन पौधों की देखभाल करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इससे न केवल परिसर हरित सुंदर बनेगा, बल्कि यह एक स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में भी योगदान देगा। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पौधों के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अंत में, एनएसएस समन्वयक ने भविष्य में और भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ किरण कुमारी, डॉ सुषमा, डॉ नागेंद्र मिश्र, डॉ नीलम, डॉ रजिया नसरीन, डॉ मनोज, डॉ प्रीति, डॉ दशरथ, डॉ अमोल, डॉ मीनू मिंज, डॉ सत्येंद्र, डॉ ईना, मोनी आदि उपस्थित थे।

# कल स्पेशल ट्रेन से अमृतसर से आएगा चेतना मार्च का जत्था

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शहीद बाबा जीवन सिंह जी के 363वें जयंती को समर्पित 25वां चेतना मार्च एक से पांच सितंबर तक मनाया जाएगा। इस संबंध में कारसेवा चेयरमैन जसवंत सिंह, वाइस चेयरमैन शैलेंद्र सिंह, मुख्य सलाहकार भगवान सिंह, संत सिंह एवं मनजीत सिंह ने बताया कि श्री अमृतसर से गाजे-बाजे के साथ एक सितंबर को पूर्वाह्न नौ बजे ट्रेन से यात्रा शुरू होगी। स्पेशल ट्रेन दो सितंबर को पूर्वाह्न 9.30 बजे पटना साहिब स्टेशन पहुंचेगी। यहां से गाजे-बाजे के साथ संगतों की टीम तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचेगी। इस ट्रेन से करीब 2127 संगत पहुंच रही है। वहीं दूसरी ओर जमशेदपुर से करीब 700 संगत सड़क मार्ग से पहुंच रही है। इसमें अमृतसर से 530, तरन तारण से 600, फिरोजपुर से 276, पटियाला से 92, फतेहगढ़ साहिब से 81, लुधियाना से 33, संगरूर से 244, बरनाला से 98, मोगा से 101, जालंधर से 8, गुरदासपुर से 55 और भटिंडा से नौ संगत स्पेशल ट्रेन में सवार होकर पटना साहिब पहुंचेंगे। वहीं छोटे और बड़े वाहन की मदद से करीब 700 संगत जमशेदपुर से सड़क मार्ग से पटना साहिब पहुंचेगी। तीन सितंबर को सुबह आठ बजे तख्तश्री पटना साहिब में अखंड पाठ रखा जाएगा। इसके बाद तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब से संगतों की टोली गुरुद्वारा गायघाट, गुरुद्वारा कंगन घाट, गुरुद्वारा बाललीला, गुरुद्वारा सोनार टोली, गुरुद्वारा गुरु का बाग व गुरुद्वारा हांडी साहिब के दर्शन करते हुए वापस तख्तश्री पटना साहिब पहुंचेगी। इस दिन रात आठ से 11 बजे तक प्रकाश एवं स्वर पर आधारित धार्मिक नाटक गुरु के बेटे




पेश किया जाएगा। चार सितंबर को अपराह्न 1.30 बजे गुरुद्वारा गायघाट से हाथी, घोड़ा, ऊंट, गाजे-बाजे, गुरु की लाडली फौजी, गतका पार्टी के साथ पंज प्यारे के नेतृत्व में और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में नगर कीर्तन निकाला जाएगा। यह अशोक राजपथ के पुरानी सिटीकोर्ट, पश्चिम दरवाजा, गुरहट्टा, खाजेकलां, मच्छरहट्टा सहित भगत सिंह चौक से होता हुआ तख्तश्री पटना साहिब पहुंचेगा। यहां रात 8.30 से 9.30 बजे तक आरती, आतिशबाजी एवं रात 9.30 से मध्य रात्रि 12 बजे तक प्रकाश एवं ध्वनि पर आधारित धार्मिक नाटक लालां दी कुबार्नी पेश किया जाएगा। पांच सितंबर को सुबह 7.30 से आठ तक श्री अखंड पाठ साहिब का समापन होगा। इसके बाद अपराह्न तीन बजे तक शबद कीर्तन और गुरमत विचार होगा। रात 8.30 से नौ तक आतिशबाजी के बाद रात 9.30 बजे से लड्डू बांटा जाएगा।

### गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व कल से अखंड पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के द्वारा मनाया जाएगा। इसे लेकर गुरुद्वारा गायघाट में सोमवार को श्री अखंड पाठ साहिब शुरू होगा। इसकी समाप्ति चार सितंबर को होगी। दिन में गुरुद्वारा गायघाट में ही दीवान सजेगा। इसके बाद यहां से नगर कीर्तन निकाला जाएगा। तीन सितंबर को रात सात से नौ बजे तक विशेष दीवान सजेगा, जिसमें शबद कीर्तन उच्च कोटि के रागी जत्था भाई मनोहर सिंह जी बरेलीवाले एवं श्री अमृतसर के हजूरी रागी जत्था भाई हरजीत सिंह पेश करेंगे। इसके अलावा तख्तश्री पटना साहिब के हजूरी रागी जत्था एवं कथावाचक व्याख्यान आदि पेश करेंगे। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, गुरुविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह एवं सचिव हरबंश सिंह ने बताया कि करीब 29 सौ संगतों का जत्था पटना साहिब आ रहा है। इन सबों को ठहरने के लिए तख्तश्री पटना साहिब, कंगन घाट स्थित पर्यटन भवन, मालसलामी स्थित ओपी साह सामुदायिक भवन, गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत और कुंदन निवास में व्यवस्था की गई है। आने वाली संगतों को रिहाइश, बेहतर लंगर और ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

# जन्म के बाद लड्डू गोपाल का मनाया छठीहार



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भजन कीर्तन व धार्मिक अनुष्ठान के साथ श्री कृष्णाष्टमी मनाने के बाद भक्तों ने छठीहार का आयोजन शनिवार को किया। गायघाट स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर, शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरि, विकास गिरी, श्री छोटी पटनदेवी मंदिर में आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी, गोपीनाथ गली स्थित मंदिर व जगन्नाथ मंदिर में आचार्य रामानंद पांडेय, हाजीगंज स्थित सांवलिया जी मंदिर में रजनीकांत शुक्ला व रविकांत शुक्ला, लल्लू बाबू के कूंचा स्थित राधा कृष्ण मंदिर, घसियारी गली स्थित मुक्तेश्वरनाथ शिव मंदिर, खाजेकलां पानी टंकी स्थित प्राचीन ठाकुरबाड़ी में बाबा अनिल मिश्रा व मनोज बाबा, मंशा राम के अखाड़ा स्थित राधाकृष्ण मंदिर, नौजर घाट स्थित जगन्नाथ मंदिर में आचार्य विष्णुकांत झा की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान किया गया। बेलवरगंज स्थित राधा कृष्ण मंदिर, चौधरी गली स्थित मंदिर व भद्रघाट स्थित शिव मंदिर में रविवार को छठीहार मनाया जाएगा। संयोजक मिथिलेश कुमार शर्मा ने बताया कि तैयारी की गई है। छठीहार के साथ भजन कीर्तन व भंडारा का आयोजन किया गया है। चौधरी गली स्थित प्राचीन गोविंद बाग मंदिर में शशि शेखर रस्तोगी, कार्यकारी अध्यक्ष संजय प्रकाश, कोषाध्यक्ष सूरज कुमार, संजीव देवड़ा की देखरेख में रविवार को छठीहार होगा। अनेक घरों में भी श्री लड्डू गोपाल जी का छठीहार मनाया गया। इस दौरान कच्ची पकवान का भोग उन्हें अर्पित किया गया। उन्हें झूला पर झुलाया गया और खिलौना सहित झुनझुना और बांसुरी बजाकर उन्हें खुश करने का प्रयास किया गया।

### 36 नमूना की जांच में मिले नौ डेंगू मरीज, 14 भर्ती

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में शनिवार को डेंगू के 36 सैंपल की जांच की गई। इसमें नौ डेंगू संक्रमित मरीज मिले हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो संजय कुमार ने बताया कि धवलपुरा पहाड़ी के 14 वर्षीय किशोर, मशरक सारण के 17 वर्षीय किशोर, कुम्हरार के 25 वर्षीया महिला, 45 वर्ष की महिला और 38 वर्ष का युवक, भागवत नगर के 47 वर्ष की महिला, भूतनाथ रोड की 28 वर्ष की महिला, बजरंगपुरी की 27 वर्षीया महिला, फतुहा की 30 वर्षीया महिला संक्रमित है. अस्पताल के अधीक्षक डॉ बिनोद कुमार सिंह और उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने बताया कि अस्पताल में 55 बेड डेंगू मरीजों के लिए आरक्षित किया गया है। संक्रमित मरीज ओपीडी में उपचार कराने आए थे। अधीक्षक ने बताया कि डेंगू पीड़ित 14 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। इसमें मेडिसिन में नौ व शिशु रोग विभाग में पांच मरीज भर्ती हैं।

# जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता की तैयारियां पूर्ण

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के सफल संचालन के आहूत में बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में जिलाधिकारी ने खेल प्रतियोगिता के संचालन के लिए गठित समितियों उद्घाटन समिति, प्रेस मीडिया समिति, सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था समिति, चिकित्सा व्यवस्था समिति, जूरी ऑफ अपील समिति आदि के चयनित नोडल ऑफिसर को कई आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है. दिनचर्या का कुछ हिस्सा खेलकूद को देकर हम अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं. इस दिशा में इस विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिले के युवा खिलाड़ियों व खेलप्रेमियों को प्रेरित करेगा. इन्हीं युवाओं में से चयनित होकर कल अनेक युवा राष्ट्रीय स्तर व ओलिंपिक में जिले तथा देश का नाम रौशन करेंगे। खेल प्रतियोगिता की शुरूआत 02 सितम्बर 2024 को समय 9:30 पूर्वाह्न उच्च विद्यालय, पंडौल के क्रीड़ा मैदान में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की जाएगी. प्रतियोगिता के तहत खेलों का आयोजन उच्च विद्यालय, पंडौल, उच्च विद्यालय लोहा, उच्च विद्यालय शंभुआड़, नगर भवन, क्रीड़ा भवन (वाटसन उच्च विद्यालय), आर. के. कॉलेज तथा खेल भवन सह व्यायामशाला भवन मधुबनी में किया जाएगा. जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए क्रीड़ा मैदानों की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं. कल से जिले के तमाम विद्यालयों के युवा खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपना दम-खम दिखाएंगे। जिले में 02 सितंबर से 05 सितंबर तक जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है. यह प्रतियोगिता तीन अलग आयुवर्ग अंडर 14, अंडर 17 तथा अंडर 19 की श्रेणी में आयोजित किया जाएगा. प्रतियोगिता में बालक एवम बालिका वर्ग में एथलेटिक्स, खोखो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, कराटे, वुशू, शतरंज, हैंडबॉल व रग्बी तथा बालक वर्ग में कुश्ती, फुटबॉल व क्रिकेट का आयोजन होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अब तक 39598 आवेदन प्राप्त

मुजफ्फरपुर।बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने वास्ते 29 जुलाई से विहित प्रपत्र फार्म 18 में आवेदन लिया जा रहा है। आवेदन 3 सितंबर तक लिया जाएगा।अब तक तिरहुत प्रमंडल के चारो जिले सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली मिलाकर ऑफलाइन कुल 31266आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें सीतामढ़ी जिले में 9907 शिवहर में 2064 मुजफ्फरपुर में 8847तथा वैशाली जिला में 10448 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जबकि ऑनलाइन 3830 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कमिश्नरी ऑफिस में कुल 4502 आवेदन प्राप्त हुए हैं।इस प्रकार अब तक कुल आवेदन 39598 प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी ,शिवहर एवं वैशाली जिला के जिला मुख्यालय ,अनुमंडल मुख्यालय ,प्रखंड मुख्यालय तथा चारों जिला के सभी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के यहां आवेदन जमा किया जा सकता है। प्रमंडलीय आयुक्त सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी गोपाल मीणा ने तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिक से अधिक लोगों को निर्वाचक सूची में नाम जुड़वाने के लिए स्थानीय स्तर पर जिला मुख्यालय, अनुमंडल मुख्यालय ,प्रखंड मुख्यालय अथवा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के पास फार्म 18 का आवेदन जमा करने की अपील की है।

### शिक्षिका को दी गई भावभीनी विदाई



मुजफ्फरपुर। जिले के बंदरा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय, विष्णुपुर मेहसी की शिक्षिका रेखा कुमारी की सेवानिवृत्ति के अवसर पर आज विद्यालय परिवार की ओर से विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य उपस्थित थे। सेवानिवृत्त शिक्षिका के प्रति अपने उद्गार व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक मृत्युंजय कुमार ने रेखा कुमारी के विद्यालय के प्रति योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि इन्होंने दस वर्षों की सेवा के दौरान जिसतरह से अपने दायित्व का निर्वहन किया है वह अन्य शिक्षक , शिक्षिकाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को शिक्षा देने के साथ साथ समाज को मशाल दिखाने का काम करते हैं। सरकारी प्रावधानों के तहत रेखा जी आज स्कूल से सेवानिवृत भले ही हो चुकी है लेकिन उनका समाज के प्रति योगदान का समय आज से शुरू हुआ है। सम्मान समारोह को अन्य के अलावा अकबर आजम खान, मोहम्मद अब्दुल कलाम ,शंकर कुमार चौधरी ,मनोज मंडल ,नीलम कुमारी,वीणा कुमारी, ,नवीन कुमार , बिध्देश्वर राय , शेर बहादुर सहनी ,वैभव तिवारी , अनामिका ,स्वीटी ,श्वेता आदि ने भी शिक्षिका को अपनी शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल कुमार ने किया।

### ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने पर वसूला गया जुमार्ना

मधुबनी पंडौल जाने वाली सड़क पर स्कूल के पास वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक करने को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमो का पालन नही करने वालो का चालान काट कर जुमार्ना वसूला गया। इसके साथ ही लोगो को ट्रैफिक नियमो का पालन करने को लेकर जागरूक भी किया गया।ट्रैफिक डीएसपी सुजीत कुमार ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से करीब एक लाख 67 हजार रुपए का ई चालान काटा गया। उन्होने आगे कहा कि दो चक्का वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना जरूरी है इसके अलावा चार चक्का वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाए नहीं तो क्रबाय की जाएगी।

### गर्ल्स हाई स्कूल के पास से स्कार्पियो चोरी

समस्तीपुर, नगर थाना क्षेत्र के काशीपुर वार्ड नंबर 34 के गर्ल्स हाई स्कूल के पास से एक स्कार्पियो चोरी होने का मामला सामने आया है। इसको लेकर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के छतौना निवासी रत्नेश प्रसाद सिंह ने नगर थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करवाया है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि बीते दिनों उनका ड्राइवर स्कार्पियो लेकर पटना से वापस आया था और गाड़ी वहीं लगाकर चला गया था। सुबह में गाड़ी गायब पाने के बाद उन्होंने गाड़ी की खोजबीन की, लेकिन गाड़ी नहीं मिली। उन्होंने इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम ने दिया बालू एवं शराब माफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिला पदाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स, सड़क सुरक्षा समिति तथा उत्पाद की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में की गई तथा अधिकारियों को बालू के अवैध परिवहन एवं शराब के अवैध उत्पादन पर रोक लगाने हेतु छापेमारी तेज करने तथा सड़क पर दुर्घटनाओं को रोकने एवं वाहनों का सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित परिचालन सुनिश्चित करने हेतु विभागीय दिशा निर्देश एवं मानक के अनुरूप विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। खनन टास्क फोर्स की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बालू के अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु स्थल चिन्हित कर बैरियर लगाने तथा टीम गठित कर प्रति सप्ताह अलग-अलग दिनों में जांच अभियान चलाने तथा राजस्व वसूली में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ,खनिज विकास पदाधिकारी, खान निरीक्षक एवं मोटर यान निरीक्षक की टीम गठित कर छापेमारी अभियान तेज करने तथा कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला खनन पदाधिकारी को छापेमारी अभियान में तेजी लाने तथा राजस्व वसूली में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने का सख्त निर्देश दिया। अवैध शराब के उत्पादन ,बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिला पदाधिकारी ने सहायक आयुक्त उत्पाद को छापेमारी अभियान चलाने तथा कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अगस्त माह में 9696 लीटर शराब की जब्ती की गई है। जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त को कहा कि आगामी सितंबर माह में होने वाली समीक्षा बैठक में जुलाई ,अगस्त एवं सितंबर माह में शराब की जब्ती संबंधी थानावार रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी। इसकी तैयारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के माध्यम से वैसे थानों को पत्र भेजने का निर्देश दिया जिन थानों में उक्त तीन माह के भीतर शून्य जब्ती की गई है। सड़क पर दुर्घटनाओं को रोकने तथा वाहनों का सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित परिचालन सुनिश्चित करने हेतु जगह-जगह पर साइनेज लगाने, ट्रैफिक सिग्नल लगाने ,रेडियम लाइट लगाने तथा सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक करने हेतु जगह-जगह पर होर्डिंग फ्लेक्स लगाने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा के प्रति आम लोगों को जागरूक करने हेतु जिला जनसंपर्क कार्यालय मुजफ्फरपुर द्वारा नुक्कड़ नाटक काआयोजन जारी है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मोटर वाहन अधिनियम के बारे में लोगों को जागरूक करने हेतु अभियान चलाने तथा जगह-जगह पर जांच अभियान चलाकर अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके लिए जिला परिवहन पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी को एक टीम गठित कर प्रति सप्ताह जांच अभियान चलाने को कहा। सड़कों पर दुर्घटनाओं को रोकने तथा सड़क पर वाहनों का सुरक्षित एवं सुगम परिचालन सुनिश्चित करने हेतु जिला पदाधिकारी की पहल पर एनएएचआइ के माध्यम से एनएच27 पर फ्लाई ओवर बनना है।इस संबंध में एनएचएआई के सहायक अभियंता अमित कुमार ने बताया कि एनएच 27 ईस्ट - वेस्ट कोरिडोर पर जिले के 12 स्थलों बखरी चौक ,मोतीपुर काली मंदिर ,पनसलवा चौक , नरियार ,संगम घाट एवं मझौली चौक समेत 12स्थानो पर फ्लाई ओवर बनना है जिस पर कार्रवाई जारी है।

# एमएलएसएम कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में किया गया वृक्षारोपण



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन परिसर में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शंभू कुमार यादव ने अध्यक्षता की उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहे कि वृक्ष हमारे जीवन का मूलभूत आधार है हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए । राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महाविद्यालय के छात्राओं को यह भी संदेश दिए कि प्रत्येक छात्र के जन्मदिन पर एक पौधा लगाने हेतु दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉक्टर आर एन चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण की रक्षा में अगर हम लोग आज सचेत नहीं हुए तो संपूर्ण जनजीवन बहुत ही बुरे वक्त से गुजरेगा। डॉ सुबोध चंद्र यादव, डॉ कुमार नरेंद्र नीरज एवं डा० कुमुद कुमारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वन संरक्षण करने से पूरा सृष्टि को भी बचाया जा सकता है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अमिता मिश्रा, प्रो नंदकिशोर झा, डॉ अनुप्रिया कैप्टन,संगीता कुमारी, डॉ एम एम चौधरी, डॉ वीणा कुमारी, डॉ किरण कुमारी, डॉ अवनीश कुमार, अनूप कुमार झा, अरुण कुमार चौधरी एवं छात्राएं मगन कुमार, शिवेश कुमार, चंदन कुमार, अनीश कुमार, देवराज कुमार, चंदन कुमार यादव,आमोद यादव नवल कुमार,अंशु कुमारी,आस्था प्रिया, सोनम, कल्याणी कुमारी, सलोनी झा, नैना झा,सत्या मंजू, रानी रिया, कुमारी कोमल रानी, नौशीन परवीन, नुजहत परवीन इत्यादि सैकड़ो छात्राएं उपस्थित थे ।

# घुमंतु करोड़ी समुदाय के बीच मनाया गया 72वां विमुक्ति दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के बोचहां प्रखंड के बोचहां कर्णपुर दक्षिणी में घुमंतू समुदाय विशेषकर करोड़ी समुदाय के साथ विमुक्ति दिवस एक्शन एड के तत्वावधान में मनाया गया। अपराधी होने की आधिकारिक छाप से घुमंतू समाज को आज के हीं दिन 31 अगस्त 1952 को मुक्ति मिली थी । ज्ञात हो कि अंग्रेजी शासन काल मे ह्यआपराधिक जनजाति अधिनियमह्न 1871 में लागू हुआ तब से इन घुमंतू जनजातियों पर सामज के मुख्य धारा के लोगों तथा शासकों द्वारा लगातार सताया गया ।एक्शन एड के प्रयास से मुजफ्फरपुर जिले के करोड़ी ,नट ,चिड़ीमार ,मदारी , बंजारा ,पतथलकट जातियों के साथ मिलकर मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास जारी है ।एक्शन एड के द्वारा बच्चों के पढ़ने व व्यवहार परिवर्तन की कोशिश सतत जारी है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पांच लाख रुपए तक मुफ्त इलाज हेतु ह्य आयुष्मान कार्ड ह्य के निर्माण में एक्शन एड के द्वारा पहल की गई। आज करोड़ी समुदाय के पास 85 आयुष्मान कार्ड वहां के डीलर के द्वारा निर्गत किया गया।इसी क्रम में आज विमुक्ती दिवस के अवसर पर समुदाय के द्वार पर पहुंच कार्यक्रम किया गया जिसमें उनके समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। आज के दिन भी यह समुदाय मुख्यधारा से बिल्कुल अलग है। इनमें से कई को तो ना हीं कोई घरबार है ना हीं किसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ाव। महिलाएं और बच्चे भीख मांग कर जीवनयापन करते हैं। समुदाय के पुरुष मधु निकालने का काम करते हैं परन्तु मधुमक्खियों का छत्ता अब खुले में कम लगता है इसलिए इनके पुराने कारोबार से निकाल नई कारोबार से जोड़ने की पहल करनी होगी। कार्यकर्म में विषय प्रवेश व योजना संबंधी जानकारी अरविन्द कुमार, जिला समन्वयक, एक्शन एड द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक, एक्शन एड, राजगीर कुमार , मानवाधिकार रक्षक रामसुंदर राम ने समुदाय के सदस्यों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की चर्चा तथा उन्हें हासिल करने की प्रक्रियाओं की जानकारी दी। साथ ही समाज के सभी वर्गों, सरकारी पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को भी इन घुमंतू समुदाय के प्रति जागरूक होकर संवेदनशील होने की अपील की गई। विमुक्ती दिवस के अवसर पर समुदाय के सदस्यों ने अपने लोक गीत भी गाए तथा कार्यक्रम में राजेंद्र कुरेड़ी, शीतलाधामी, किरणदेवी ,बिजुलीकरोड़ी ,बूटन करोड़ी, जीवन करोड़ी, डोमनी देवी, महिमा देवी, अनार्जित करोड़ी,मनु करोड़ी, राजेश करोड़ी,गीता देवी,अंगूरी देवी,फूलचंद देवी,ममता देवी,राजेश करोड़ी, दिनेश करोड़ी,रवीना देवी, आरती कुमारी, मीनाक्षी कुमारी झोंझिया देवी आदि लोगो ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

# लर्निंग प्लान और लर्निंग आउटकम पर आयोजित 5 दिवसीय कार्यशाला संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामबाग मुजफ्फरपुर में डायट और ह्यूमाना पीपल टू पीपल इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में लर्निंग प्लान और लर्निंग आउटकम पर आयोजित 5 दिवसीय कार्यशाला का अंतिम दिन था. इस कार्यशाला का उद्देशय डी एल एड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं में लर्निंग आउटकम आधारित सीखने की योजना के निर्माण की कुशलता का विकास करना है. आज के कक्षा का संचालन ह्यूमाना पीपल टू पीपल इंडिया के अश्विनी पांडेय के द्वारा किया गया ।उन्होने ने कहा कि अधिगम प्रतिफल की विकास की प्राप्ति ही शिक्षण की गुणवत्ता को सुनिश्चित करती है और शैक्षिक उद्येश्य की प्राप्ति को भी पूर्ण करती हैं ।एनसीईआरटी द्वारा कक्षा 10 तक लिए लर्निंग आउटकम का निर्माण किया गया है। वर्ग कक्ष मे शिक्षकों को लर्निंग आउटकम को आधार बनाकर ही शिक्षण कार्य करना चाहिए।आज के सत्र में डायट प्राचार्य श्रीमती अनामिका कुमारी, डॉ सरिता शर्मा ( वरीय व्याख्याता ), श्रीमती दीपिन्ती कुमारी, डॉ मीरा कुमारी, श्रीमती अपर्णा कुमारी, श्री अर्जुन गिरि, श्रीमती रोली,श्री आशीष कुमार श्री पंकज कुमार, ह्यूमाना पीपल टू पीपल इंडिया के धीरज कुमार शर्मा के साथ डी एल एड द्वितीय वर्ष के सभी प्रशिक्षु मौजूद थे.

# मिथिला चित्रकला संस्थान में हुआ मांझी रे नाटक का भावपूर्ण मंचन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार द्वारा संचालित एवं आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना से संबद्धता प्राप्त मिथिला चित्रकला संस्थान मधुबनी के सभागार में 30 अगस्त को माउंटेन मैन दशरथ मांझी की स्मृति में लोक कला रंग समूह के सदस्य पंचम प्रकाश द्वारा लिखित मांझी रे नाटक का मंचन किया गया. मांझी रे नाटक दशरथ मांझी जी के जीवन, प्यार त्याग और बलिदान पर अधारित था. जिससे आमजन को उनके द्वारा किए गए प्रेरणात्मक कार्यों को करीब से जानने एवं सिखने का अवसर मिला.संस्थान के निदेशक विरेन्द्र प्रसाद द्वारा बताया गया कि संस्थान में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं को संदेश दिया गया कि मिथिला चित्रकला के साथ-साथ अन्य कलाओं जैसे नाटक, नृत्य एवं सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में भी लगातार सीखने का प्रयास करते रहें.जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी-सह-प्रभारी प्रशासी पदाधिकारी नितीश कुमार मिथिला चित्रकला संस्थान, द्वारा लोक कला रंग समूह के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्र-छात्राओं को भी विभिन्न क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और कला का विकसित करने हेतु प्रेरित किया गया.उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन में पद्मश्री बौआ देवी, पद्मश्री दुलारी देवी, डा० रानी झा, संजय कुमार जायसवाल, प्रतीक प्रभाकर, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, विकास कुमार मंडल, रूपा कुमारी, मो० अरमान रजा, मो० सरफराज, नितीश कुमार, अर्जुन कुमार एवं विकाश कुमार गुप्ता ने अपना सहयोग दिया.

# भूमिहार समाज से माफी मांगे अशोक चौधरी नहीं तो होगा आंदोलन : जितेंद्र चौधरी



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी के भूमिहारों पर दिए गए बयान की तीव्र निंदा की है। उन्होंने कहा है कि भूमिहार समाज अशोक चौधरी का नौकर नहीं है। भूमिहार समाज की पूरा आस्था के साथ जंगलराज वाले सरकार के विरुद्ध खड़ा रहकर नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने का काम किया है।

समूचा भूमिहार समाज पूरी एकजुटता के साथ एनडीए सरकार को राज्य व राष्ट्र के विकास को लेकर समर्थन दे रही है। उन्होंने अशोक चौधरी को अपने बयान के लिए भूमिहार समाज से माफी मांगने को कहा है। बता दें कि अशोक चौधरी ने बीते दिनों जहानाबाद में आयोजित पार्टी के एक कार्यक्रम में जहानाबाद लोकसभा चुनाव में जेडीयू की हार ठीकरा भूमिहार समाज पर फोड़ दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि भूमिहार समाज ने पार्टी को वोट नहीं दिया, अब उन्हें विधानसभा चुनाव में मौका नहीं मिलेगा। जितेंद्र चौधरी ने कहा कि अगर अशोक चौधरी ने भूमिहारों पर दिए अपने बयान पर माफी नहीं मांगी तो उनके विरुद्ध आंदोलन चलाकर उनका पुतला दहन किया जाएगा।

# बिहार में बीजेपी का बनाएंगे डेढ़ करोड़ सदस्य : दिलीप

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर । बिहार में हम बीजेपी का डेढ़ करोड़ सदस्य बनाएंगे। सदस्यता अभियान का शुरूआत 1 सितंबर को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा सदस्य बनाकर प्रारंभ किया जाएगा। प्रधानमंत्री को सदस्य बनते ही बिहार बीजेपी के हजारों कार्यकर्ता इस अभियान में जुट जाएंगे। प्रदेश के हर एक परिवार से राष्ट्रवाद व देशभक्ति को मजबूत बनाने के लिए बीजेपी का कम से कम एक सदस्य बनना हमारा लक्ष्य है। निर्धारित समय सीमा के अंदर हम इस लक्ष्य को पूरा करेंगे।उक्त बातें शनिवार को पटना से बेतिया जाने के क्रम में कांटी क्षेत्र के छपरा काली मंदिर पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर में यह अभियान शत प्रतिशत सफल होगा। उन्होंने कहा,इस जिले में पूर्व मंत्री अजीत कुमार जैसे हजारों जीवंत कार्यकर्ता हमारे दल में हैं, जो पार्टी के कार्यक्रमों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प को पूरा करने के लिए अनवरत संघर्ष कर रहे हैं। इससे पूर्व छपरा काली मंदिर पहुंचते ही भारतीय जनता पार्टी के हजारों कार्यकताओं ने पूर्व मंत्री अजीत कुमार के नेतृत्व में श्री जायसवाल का गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। अहले सुबह से जुटे हजारो कार्यकताओं का उत्साह देखा श्री जायसवाल गाड़ी से उतरकर कार्यकताओं के साथ पैदल चलकर काली मंदिर पहुंचे, जहां काली मां का पूजा अर्चना किया एवं मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। काली मंदिर के महंत पंडित श्याम नारायण झा ने दिलीप जायसवाल , सतीश चंद्र दुबे व पूर्व मंत्री अजीत कुमार को पूजा अर्चना के उपरांत मां का चुंदरी आशीर्वाद स्वरूप में भेंट किया। मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे भी उपस्थित थे। श्री दुबे ने कार्यकताओं से सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का अपील किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने वालों में मुखिया इंद्र मोहन झा ,रणधीर कुमार सिंह,श्री कृष्णा , कमलेश कुमार सिंह,अशोक पासवान, कमलेश कांत गिरी, प्रभाकर चौधरी ,मोहम्मद शमीम, नंदन महतो, नूनू मिश्रा ,अनिल शाही, मंकू पाठक ,साकेत रमन पांडे, नागेंद्र पंडित , रंजीत चौधरी ,पप्पू सिंह ,उपेंद्र शाह, शिव कुमार सहनी ,मुन्ना सहनी, जयसिंह कुशवाह , अखिलेश शाह, राम आशीष राम, अनिल पंडित, राकेश कुमार सिंह, अमरजीत पासवान,राजकुमार शाह, चंदन पासवान, हरिनंदन राम, रमेश कुमार शर्मा उर्फ टुना शर्मा , राज किशोर सहनी आदि प्रमुख थे।

# डेंगू को लेकर प्रशासन अलर्ट, जागरूकता के साथ प्रभावित क्षेत्रों में कराया जा रहा है फॉगिंग

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सदर अस्पताल में डेंगू जांच की व्यवस्था की गई है। हालांकि सदर अस्पताल में अभी तक एक भी डेंगू मरीज नहीं पाया गया है। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा ओपीडी के पास पेडियाट्रिक वार्ड में आठ बेडों का डेंगू वार्ड बनाया गया है। सदर अस्पताल के मैनेजर डॉ विश्वजीत रामानंद के अनुसार सदर अस्पताल में डेंगू से संबंधित सभी दवाएं उपलब्ध हैं। साथ ही इसके लिए डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की एक विशेष टीम बनायी गई है। बता दें कि हसनपुर प्रखंड क्षेत्र जिले में डेंगू का हब बन गया है। बीते एक सप्ताह के दौरान वहां 35 से अधिक डेंगू के मरीज मिले हैं। सबसे अधिक हसनपुर बाजार, कोकणी, डुमरा, मरांची उजागर व रामपुर रजवा आदि क्षेत्र प्रभावित बताए जा रहे हैं। जहां स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रभावित गांवों में फॉगिंग और स्प्रे शुरू कराया जा रहा है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग जागरूकता रथ के माध्यम से डेंगू से बचाव के लिए प्रचार-प्रसार भी कर रही है। लोगों को तीन दिन से अधिक बुखार रहने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में जाकर डेंगू जांच कराने की सलाह दी जा रही है। बता दें कि जिले में डेंगू रोगियों की बढ़ती संख्या पर डीएम योगेंद्र सिंह ने भी चिंता जाहिर करते हुए जिले के सभी बीडीओ, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी और संबंधित पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की थी। जिसमें डीएम ने समय-समय पर फागिंग करवाने, और डेंगू की रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिया था।

# सिविल सर्जन ने की डीएम के आदेश की अवहेलना 10 दिनों के बाद भी नहीं दिया शो-कॉज का जवाब

## आरोपी कर्मी के विरुद्ध नहीं किया प्रपत्र "क" गठित, डीएम ने दिया था आदेश

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी लगातार डीएम के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं। डीएम के आदेश के तीन महीने बाद भी सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी ने सेवानिवृत सरकारी सेवकों के संविदा पर नियोजन व संविदा विस्तार के लिए गलत प्रस्ताव तैयार कर भेजने के मामले में संलिप्त आरोपी कर्मी को न ही निलंबित किया और न ही उसके विरुद्ध प्रपत्र ह्लकह्व गठित किया है। वहीं 21 अगस्त को इसी मामले में डीएम ने सिविल सर्जन के द्वारा भ्रामक प्रतिवेदन सौंप कर उन्हें गुमराह करने के प्रयास को पकड़ लिया था और उन्होंने शो-कॉज करते हुए सिविल सर्जन के वेतन पर रोक लगा दिया था। उन्होंने तीन दिनों के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया था। हालांकि डीएम के इस आदेश को भी सिविल सर्जन ने गंभीरता से नहीं लिया और इसके 10 दिन बीत जाने के बावजूद भी उनके द्वारा डीएम को कोई जवाब समर्पित नहीं किया गया है। बता दें कि सेवानिवृत सरकारी सेवकों के संविदा पर नियोजन व संविदा विस्तार मामले में बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोपगुट) के जिला सचिव अजय कुमार ने इसे नियमों के विरुद्ध बताकर इसकी डीएम से शिकायत की थी। जिसके बाद इसकी जांच करायी गई थी और जांच रिपोर्ट के आधार पर डीएम के द्वारा संविदा अवधि विस्तार को रद्द करते हुए सभी संबंधित कर्मियों व सिविल सर्जन से शो-कॉज किया गया था। इस संबंध में अजय कुमार ने सिविल सर्जन पर कई गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि सिविल सर्जन के द्वारा विभागीय निदेशों की अवहेलना कर नाजायज रूप से एएनएम व जीएनएम की ट्रांसफर और पोस्टिंग की गई है। वहीं सरकार के आदेश के विपरीत एमओआईसी व डीएस का भी प्रभार कनीय चिकित्सको को दिया जा रहा है। यह सभी मामले सिविल सर्जन के भ्रष्टाचार की कहानी बंया कर रहे हैं। वहीं इस संबंध में

### आग लगने से दो घर जलकर राख

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के खरसंड पश्चिम पंचायत के मोडवा गांव में शनिवार की रात खाना बनाने के दौरान आग लगने से तीन धर जलकर राख हो गया। खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। जिससे आग लग गया। इसी आग लगीं की घटना में गंगा प्रसाद राय, कविता देवी का धर जलकर राख हो गया। आग लगने से घर में रखा अनाज कपड़ा सहित हजारों रुपए की सामान जल गया। आग पर निजी पंपसेट से आग पर काबू पाया गया। वहीं अंचलाधिकारी शशि रंजन कुमार ने हल्का कर्मचारी द्वारा स्थल जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही है।

# शराब कारोबार की जूर्म में दस वर्षों की सश्रम कारावास व दो लाख अर्थदण्ड

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। उत्पाद अधिनियम के द्वितीय विशेष न्यायाधीश रविशंकर कुमार की अदालत ने कुशेश्वरस्थान थानाक्षेत्र के लड़नी गांव के बच्चा यादव के पुत्र पवन कुमार यादव को शराब कारोबार की जूर्म में दस वर्षों की सश्रम कारावास और दो लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है । अर्थदण्ड की भुगतान नहीं करने पर तीन माह का अतिरिक्त सजा भुगतने का प्रावधान किया गया है। गत 23 अगस्त को अदालत ने दोषी करार दिया था। दोषी अभियुक्त का सजा अवधि निर्धारण के लिए कोर्ट ने 30अगस्त की तिथि निर्धारित किया था ।उत्पाद अधिनियम का स्पेशल एपीपी हेमंत कुमार ने बताया कि 01 मई 22 कोअहले सुबह पुलिस को सूचना मिली कि कुशेश्वरस्थान के दिघिया चौर में विदेशी शराब उतारा जा रहा है ।जब पुलिस पहूंची तो एक ट्रक डब्लू. बी. 73 सी 5793 से पीकॉप भान पर शराब लोड किया जा रहा है ।पुलिस ने घटना स्थल से 4104 लीटर शराब बरामद किया ।इसकी प्राथमिकी कुशेश्वरस्थान थानाकांड सं. 152/22 दर्ज की गई ।कोर्ट में इसका बिचारण जीओ वाद सं. 545/22 के तहत चल रही थी ।23 अगस्त को कोर्ट ने इस मामले का बिचारण पुरा कर अभियुक्त पवन कुमार यादव को शराब कारोबार के आरोप में दोषी करार दिया। शराब कारोबारी दोषी पवन को सजा की अवधि निर्धारण पर बहस उपरांत सजा सुनाई गई। स्पेशल एपीपी उत्पाद हेमंत कुमार ने बताया कि सुशासन में एक भी शराब कारोबारी उत्पाद अधिनियम के तहत जेल जाने से नहीं बचेंगे।

# नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में जदयू राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को किया गया भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा( आससे )। जनता दल यूनाइटेड के कर्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद संजय झा का दरभंगा के शिवधारा चौक पर जनता दल यूनाइटेड दरभंगा नगर के जिलाध्यक्ष माधव झा के नेतृत्व में मिथिला परम्परा अनुसार पाग,चादर, माला और गुलदस्ता से भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व नगर जिला के अध्यक्ष सुनील ठाकुर,ठाकुर ईश्वर प्रसाद सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य नवाब अख्तर, प्रदीप महतो, श्याम मंडल, रौशन महतो, इकबाल रायन, राजेन्द्र राम ,शशि चंद्र पटेल,मौसम परवेज,सूरज सहनी,अशोक झा, अरविन्द झा, विजय राम,जोहा सिद्दिकी,रंजीत झा,मो नौशाद गोरे, कर्ण सहनी,चाँद्र किशोर महतो,राजकुमार महतो, संतोष सहित अनेक साथी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो लोग हुए घायल

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के खलासी मुहल्ला अंबेडकर नगर में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें दोनो पक्षों से कुल दो लोग घायल हो गए। एक पक्ष से घायल में छोटू राम तथा दूसरे पक्ष से घायल में मो.सहाबुद्धीन अंसारी के रूप में हुई है। घायल दोनो को परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा इलाज किया गया। घायल छोटू राम के परिजन ने बताया कि मेरे दुकान से मो.सहाबुद्धीन ने एक लीटर पेट्राल चोरी कर लिया जिसको बोलने पर उसने मारपीट किया। दूसरे पक्ष से घायल ने बताया कि छोटू मेरा दुकान रखे हुए और दस हजार रूपए भी उसपर बकाया है। जब मेरा बेटा उससे रूपए मांगने के लिए गया तो उसने मेरे बेटे के साथ मारपीट करने लगा। जब मै बचाने के लिए गया तो छोटू ने मेरे साथ मारपीट करते हुए ईट पत्थर से वार कर घायल कर दिया।

### जिला खेल सम्मान से सम्मानित किया गया भावेश कुमार उर्फ बंटी

सदर मुंगेर। राधा डेंटल केयर के सौजन्य से जिला खेल सम्मान भावेश कुमार उर्फ बंटी के उत्कृष्ट खेल क्षेत्र में योगदान देने के लिए दिया गया है। एक सेज समझ में एमएलसी लाल मोहन गुप्ता एवं डॉ उदय शंकर ने संयुक्त रूप से जिला खेल सम्मान देकर उन्हें सम्मानित कियागया है। भावेश कुमार उर्फ बंटी उत्कृष्ट खेल क्षेत्र में योगदान देने के लिए जाने जाते हैं उनका आशीर्वाद फुटबॉल एकाडमीक आशीर्वाद मल्टी जिम आशीर्वाद खेल घर स्कूल इत्यादि प्रतिष्ठा के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रहे हैं उनके पिता रविंद्र प्रसाद सिंह बिहार एवं देश के फुटबॉल क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया था पिता के सपने को अद्भुत ढंग से प्रस्तुत किया है भावेश कुमार ने जिला फुटबॉल लीग का फाइनल 32 दिनों में कराकर कीर्तिमान स्थापित किया है प्रदेश एवं देश में इसके अलावा सामाजिक एवं खेल क्षेत्र में अतुलनीय योगदान है भावेश कुमार का डॉक्टर उदय शंकर जी ने उनकी हौसला अफजाई के लिए जिला खेल सम्मान लाल मोहन गुप्ता गुप्ता एमएलसी मुंगेर और डॉक्टर उदय जी के हाथों से बीच मैदान में सम्मानित किया एवं भावेश कुमार उर्फ बंटी की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# नक्सल प्रभावित चोरमारा गांव में लगाया गया ग्राम विकास शिविर

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई/बरहट। शनिवार को जमुई जिला प्रशासन और के०रि०पु०बल 215 वाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में बरहट प्रखंड के चोरमारा सीआरपीएफ कैम्प में विशाल ग्राम विकास शिविर का आयोजन किया गया जिसमें केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जाने वाली विभिन्न कल्यानकारी योजनाओं को सूदूरवर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को उनके समीपवर्ती क्षेत्र में ही उपलब्ध कराने का सार्थक प्रयास किया गया। इस विशाल ग्राम विकास शिविर में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग समेत विभिन्न पेंशन योजनॉए, आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा अन्य जन कल्याणकारी सुविधाओं के लिए विशेष सुविधा केन्द्र का संचालन कराया गया। जमुई के विभिन्न चिकित्सकों एवं 215 वाहिनी के अस्पताल के कार्मिकों के द्वारा लगभग एक हजार ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच की गई तथा उन्हें दवा का वितरण भी किया गया। सी०आर०पी०एफ एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का उद्देश्य जमुई जिले के इस सूदूरवर्ती इलाके के ग्रामीणों को उपके द्वार पर ही सभी सरकारी योजनाओं को पहुँचाने के उद्देश्य की परिणती है एवं इस क्षेत्र के नौजवानों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों की सरकारी योजनओं में सहभागिता सुनिश्चित करने की चुनौती को साकार करना है।

इसके अतिरिक्त विभिन्न पदाधिकारी के द्वारा आम जनता के साथ सवांद कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसके दौरान विभिन्न लोगों ने अपनी समस्याओं को वताया जिसपर जिलाधिकारी महोदय ने सभी की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने का आश्वसन दिया। इसके अलावे श्री विनोद कुमार मोहरिल, कमाण्डेन्ट-215 वटालियन व श्री शौर्य सुमन (पुलिस अधीक्षक, जमुई) के द्वारा जनता को अवगत कराया कि हम आपकी मदद के लिए हैं, आप भी आगे बढ़कर हमारी मदद करें जिससे कि इस क्षेत्र में पुनः नक्सल संबंधी समस्यॉए न पनप पाए। भविष्य में भी ग्रामीणों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए केन्द्र सरकार और बिहार सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत विभिन योजनॉए चलाई जाएगी। इस शिविर में निम्न प्रकार के सरकारी कार्यों को तुरंत करवाया गया (1. मनरेगा जॉव कार्ड-50,

2. आधार कार्ड-70
3. राशन कार्ड-125
4. जन्म प्रमाण-पत्र-100
5. स्वास्थ्य जांच 1000 व्यक्ति का
6. स्कूल सामग्री वितरण-100)

। इसके अतिरिक्त विजली विभाग संबंधी 20 नए आवेदन तथा कृषि विभाग संबंधी 02 वोरिंग व 01 मोटर के लिए आवेदन प्राप्त हुआ जिसपर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इस ग्राम विकास शिविर में 215 वाहिनी सीआरपीएफ के कमांडेंट विनोद कुमार मोहरिल, जिलाधिकारी जमुई राकेश कुमार, पुलिस अधीक्षक जमुई शौर्य शुमन, उप विकास आयुक्त जमुई सुमित कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 215 वटा० मनोज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार, अपर पुलिस अधिक्षक अभियान ओंकार नाथ, रेंज जमुई के उप. कमांडेंट विजय कुमार, उप. कमांडेंट 215 वटा0 रमेश कुमार, चोरमारा कंपनी कमाण्डर विजय कुमार (सहायक कमांडेंट), बरहट प्रखंड के बीडीओ श्रवण कुमार, सीओ मयंक अग्रवाल तथा जिले के अन्य प्रमुख प्रशासनिक पदाधिकारी एवं मीडीयाकर्मी के साथ साथ स्थानीय मुखिया व सरपंच एवं गाँव के सभी ग्रामवासी मोजुद थे।

## सदस्यता अभियान को लेकर धोबियाकुरा गांव में भाजपा कार्यसमिति की हुई बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] 1 सितंबर से भाजपा की ओर से प्रारंभ होने वाले सदस्यता अभियान को लेकर शनिवार को बाराजोर पंचायत के धोबियाकुरा गांव में भाजपा कार्यसमिति की ओर से एकदिवसीय बैठक आयोजित कि गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र यादव ने किया। बैठक में पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष कृष्णानंद राय, बिंदेश्वरी, शंभू प्रजापति, कपिल मंडल, मनोहर मंडल, सत्यनारारण तुरी आदि पार्टी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र यादव ने कहा कि भारतवर्ष में भाजपा की ओर से यह अभियान वृहद पैमाने पर प्रारंभ कर रही। जिसकी शुरूआत देश के पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा सदस्यता ग्रहण कर किया जाएगा। उन्होनें आगे बताया कि हर बूथ पर दो सौ लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाने का लक्ष्य रखा गया लेकिन हमलोगों का अथक प्रयास रहेगा कि लक्ष्य से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाना है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि भाजपा देश की बड़ी पार्टी होने के कारण लोगों का विश्वास पार्टी के प्रति अटूट है इसलिए अधिक से अधिक लोगों को इस बार पार्टी से जोड़ेगे। बैठक में बुद्धदेव बरनवाल, प्रकाश यादव, कारू यादव, विनोद यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## 40 लोग पकड़ाया बेटिकट विशेष चेकिंग अभियान में लगभग 15 हजार रूपए वसूला जुमार्ना



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] अगर आप बिना टिकट यात्रा कर रहे तो सावधान हो चाहिए क्योकि रेलवे की ओर से सख्त कार्रवाई कि जा रही है। शनिवार को सीनियर डीसीएम की आदेशानुसार झाझा रेलवे स्टेशन पर विभिन्न गाड़ियों मे बेटिकट यात्रा कर रहे यात्रियों के खिलाफ विशेष मेगा चेकिंग अभियान सीआइटी यशंवत रावत की देखरेख में चलाया गया। विशेष चेकिंग अभियान टीटीई अमन खान, सुजीत कुमार, मणिकांत कुमार, शंकर मंडल, जनम्य कुमार, अरूण हांसदा की टीम ने अप एवं डाउन प्लेटफार्म विभिन्न गाड़ियों में चेकिंग किया। खासकर स्लीपर और एसी में भी चेकिंग अभियान में चलाया गया। गाड़ियों में कई ऐसे लोग पकड़े गए जिसके पास टिकट नही था वैसे लोगों को पकड़ने के बाद उसपर जुमार्ना लगाया। सीआईटी ने बताया कि मेगा टिकट चेकिंग अभियान में कुल चालीस लोग बेटिकट पकड़ाया जिससे कुल 15 हजार रूपए का जुमार्ना राशि वसूला गया। उन्होनें बताया कि आगे भी इस तरह का चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

## सतत जीविकोपार्जन योजना की पांच लाभार्थी दीदियों में ई. रिक्शा वितरण

● डीपीएम जीविका संजय कुमार ने लाभार्थी दीदियों को ई रिक्शा की चाभी सौंप हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। प्रखंड में सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत चयनित पांच लाभार्थी दीदियों के बीच बीपीएम रणधीर कुमार सिंह की देखरेख में ई रिक्शा का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिले से आये जीविका परियोजना प्रबंधक संजय कुमार ने सभी दीदियों को ई. रिक्शा की चाभी सौंप उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक रणधीर कुमार सिंह एवं जीविका प्रबंध संचार सुनीता कुमारी, सहित दर्जनों जीविका दीदी मौजूद थीं। मौके डीपीएम ने कहा कि जीविका परियोजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के उत्थान का सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इसी उद्देश्य से इस योजना अंतर्गत क्षेत्र के पांच लाभार्थी दीदी को व्यवसाय विविधीकरण एवं पारिवारिक आमदनी वृद्धि हेतू ई रिक्शा दिया गया है। ग्राम संगठन के द्वारा जीविका दीदियों को सहयोग राशि ऋण स्वरूप दिया गया है, जिसको ये मासिक किस्त में ग्राम संगठन को वापस करेंगी।उन्होंने जीविका दीदियों से कहा कि आप इस ई. रिक्शा के माध्यम से अपने परिवार के जीविकोपार्जन में सुधार कर अपने को गरीबी से बाहर निकालने का प्रयास कर सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत अपने जीवन स्तर को सुधार सकेंगे। वहीं मौके पर प्रखंड में जीविका के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए एसजेवाई एमआरपी खुशबू कुमारी को जीविका पदाधिकारी डीपीएम संजय कुमार बीपीएम रणधीर कुमार सिंह, प्रबंध संचार सुनीता कुमारी द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर ग्राम संगठन की कई जीविका दीदी मौजूद थीं।

## झाझा में नाबालिग चला रहे ई रिक्शा, नही लग पा रहा रोक, मुसाफिरों की जान खतरे में



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा की सड़को पर निकल रहे हैं तो होशियार रहिए और साथ ही साथ सचेत होकर चलिये क्योंकि झाझा में अधिकांश ई रिक्शा का हैंडल नाबालिग के हाथों में है,जो कभी भी आपको हताहत कर सकता है।झाझा में इनदिनों ई रिक्शा का संचालन बड़े पैमाने पर नाबालिग कर रहे हैं। इनके पास लाइसेंस भी नही है।ऐसे में सड़क दुर्घटना होने का हमेशा भय बना रहता है। कई लोगो ने बताया की अधिकांश ई रिक्शा चालक नाबालिग है जो तेज रफ्तार में अपनी वाहन को चलाते हैं। जिस कारण मुसाफिर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।लोगो ने नाबालिग वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग किया है। बताते दे कि ऐसे नाबालिग द्वारा वाहन चलानें पर 25 हजार रुपए जुमार्ना का प्रावधान है।अगर प्रशासन इस और ध्यान देगी तो निश्चित रूप से नाबालिग ई रिक्शा नही चलायेगे ओर सड़क दुर्घटना पर भी विराम लगेगी।

# नगर पंचायत के मुख्य बाजार के सड़कों पर अतिक्रमण से प्रतिदिन लगता है महाजाम



प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर) । नगर पंचायत के मुख्य बाजार संग्रामपुर की सड़कों के दोनों ओर अस्थाई अतिक्रमण के चलते नगर पंचायत वासियों को प्रतिदिन जाम की समस्या से रूबरू होना पड़ता है। नगर पंचायत के गठन के बाद लोगों को लगा कि अब अस्थाई अतिक्रमण सड़क किनारे से हटेगा और सड़कें चौड़ी होने के साथ साथ लोगों के आवागमन होगा। बावजूद इसके अतिक्रमणकारियों के मंसूबे दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और हर दिन एक नया सड़क पर लोगों को देखने को मिल रहा है। सबसे अधिक समस्या संग्रामपुर बस स्टैंड स्थित अंबेडकर चौक का है जहां दर्जनों ई रिक्शा चालक सड़क पर ही अपने वाहनों को खड़ा कर यात्रियों का इंतजार करते रहते हैं इससे जहां यात्री वाहनों के हवा गण में परेशानी होती है वही हर समय यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। यही हाल संग्रामपुर मुख्य बाजार भी है जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से महावीर चौक तक लोगों को जाम की समस्या से परेशानी होती है। नगर पंचायत के गठन से पूर्व अतिक्रमण कार्यों के विरुद्ध अभियान चलाया गया लेकिन वर्तमान समय में स्थिति जस की तस बनी हुई है। शुक्रवार को बीए के परीक्षार्थियों को संग्रामपुर बस स्टैंड के समीप जाम से निकलने में काफी मशक्कत करना पड़ा। स्थानीय लोगों की माने तो नगर पंचायत संग्रामपुर के बस स्टैंड और संग्रामपुर बाजार में कम से कम एक या दो यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती करनी चाहिए जिससे यातायात के नियमों का पालन हो सके। नगर पंचायत संग्रामपुर के सड़कों पर इन दिनों नाबालिक चालकों के हाथों में ई रिक्शा का कमान है अधिकतर ई रिक्शा बिना लाइसेंस और जरूरी कागजात के ही सड़कों पर दौड़ रही है जिससे आए दिन दुर्घटना होते रहता है। तेज रफ्तार से सड़कों पर दौड़ते ई रिक्शा को नाबालिक चालक ब्रेक कब लगा दे इसकी जानकारी पीछे वाले वाहन चालकों को नहीं होती है। सड़कों पर भी ई रिक्शा चालक आड़े - तिरछे रिक्शा खड़ा कर देता हैं जिससे सड़क पर जाम लग जाता है। सड़कों पर पुलिस की गस्ती तो होती है लेकिन इस मामले में पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बनी हुई है। नगर पंचायत संग्रामपुर में नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा ना तो अभी तक अतिक्रमण को लेकर के हुई अभियान चलाया गया हैं और ना ही पुलिस प्रशासन नाबालिक के हाथों से ई रिक्शा का कमान लेने में कोई दिलचस्पी दिखा रही है।

## पंचायत दरियापुर -2 दामन कोल स्वाश्रयी महिला सेवा संघ बिहार द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। शनिवार को खड़गपुर थाना क्षेत्र के पंचायत दरियापुर-02 दामन कोल स्वाश्रयी महिला सेवा संघ , बिहार द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियंका कुमारी किसी पदाधिकारी राजीव रंजन श्रम परिवर्तन पदाधिकारी रमन कुमार मुखिया आशुतोष कुमार उप मुखिया राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वाश्रयी महिला सेवा संघ - सेवा असंगठित झक्षेत्र के कामगार बहनों का एक ऐसा संगठन है जो कामगार महिलाओं को अलग-अलग बुनियादी सुविधाओं और उनके धंधे से जुड़े मुद्दों पर काम करती है सेवा का उद्धेश्य - पूर्ण झरोजगार एवं स्वालंबन का रहा है। शनिवार को जनसुनवाई में - मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रियंका कुमारी , कृषि पधाधिकारी - राजीव रंजन श्रम प्रवर्तन अधिकारी रमन कुमार मुखिया आशुतोष कुमार उप मुखिया राजेश कुमार और दामन कोल की करीब दरियापुर -02 पंचायत वार्ड नं 0 2,3,4 की 100 से अधिक बहनों ने हिस्सा लिया । बहनों जनसुनवाई के माध्यम से अपनी बाते सक्षम अधिकारी के समक्ष रखी सरस्वती देवी - जल - नल योजना के तहत बहुत से घरों तक नल तो पहुंच गई है लेकिन पानी का इंतजार आज भी कर रही है और साथ ही क्षेत्र में आज तक सामुदायिक भवन नहीं है जिससे लोगों को परेशानी होती है किसी भी सामाजिक आयोजन के लिए बाहर जाना होता है । सूरजमुखी कुमारी - सरकार के इतने प्रयासों के बाबजुद भी , बहुत से जरूरत मंद परिवारों को आज भी राशन का लाभ नहीं मिल पा रहा और गैर जरूरत मंद को मिल रहा है , जिससे गरीबों के बीच असंतोष पैदा हो रहा है । बेबी देवी , गिरिजा हसड़ा, सुनीता देवी - ने कहा की हमे आज तक राशन कार्ड नहीं मिल है साथ ही घर के लिए भी कोई सहायता नहीं मिल पाई है । पपु हेंब्रम - ने क्षेत्र मे सिंचाई के पानी की समस्या को बताया की आज भी खेती बरसात पे निर्भर है । आगे वान अनीता बेन ने बताया की बहुत से जरूरत मंद लोगों आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है जबकि उन्होंने कई बार आवेदन दिया है । जिसके करण वो हर मौसम मे प्रकृति की मार को सहते है और जान माल की हानि होती है ।ग्रामीण सोना देवी ने बताया की कुछ घरों तक तो पाइप लाइन भी नहीं पहुंच पाई है जिससे वो अपने दैनिक कार्य लिए अधिक परिश्रम करना परता है ।

## ई-शिक्षा पोर्टल पर शिक्षकों को करनी होगी छुट्टी की इंट्री ,अपर मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

**ई-शिक्षा कोष पर बने उपस्थिति के आधार पर होगा शिक्षकों के वेतन का भुगतान**

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। सरकारी विद्यालयों के शिक्षक अपने मन से छुट्टी नहीं दे पाएंगे। इसके लिए अब उन्हें प्रधानाध्यापक को आवेदन देना होगा। प्रधानाध्यापक शिक्षकों की अवकाश की एंट्री ई-शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से करेंगे।पहले छुट्टी लेने के लिए शिक्षकों द्वारा लिखित आवेदन देने के बाद ही एंट्री करने का निर्देश दिया गया है। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक के एप के माध्यम से भी शिक्षक अपनी ऑनलाइन उपस्थिति बना सकते हैं। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं। जिसके अनुसार तकनीकी आधारित ई- शिक्षा मोबाइल एप से स्वंय या विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा स्कूल एडमिन के माध्यम से दर्ज होगा। इसी उपस्थिति के आधार पर वेतन का भुगतान होगा। 1 अक्टूबर से ई- शिक्षा एप पर बने उपस्थिति के आधार पर ही शिक्षकों के वेतन का भुगतान किया जाएगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार विद्यालय प्रधानाध्यापकों के मोबाइल एप पर स्कूल एडमिन नाम का नया विकल्प जोड़ा गया है। जिसके माध्यम से शिक्षकों का उपस्थिति बनेगा। विकल्प,क से प्रधानाध्यापक या शिक्षक अपने मोबाइल के माध्यम से अटेंडेंस बनाएंगे। वहीं विकल्पों,ख से स्कूल एडमिन के माध्यम से प्रधानाध्यापक या शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज होगी। अवकाश की सूचना ई-शिक्षा कोष पर देना अनिवार्य अवकाश की सूचना ई-शिक्षा कोष पर होगी एंट्री शिक्षकों के सभी तरह के अवकाश की भी इंट्री ई-शिक्षा कोष एप के माध्यम से ही होगी। शिक्षकों को हाजिरी बनाने के लिए दो विकल्प दिया गया है। मार्क अटेंडेंस या मार्क ऑन ड्यूटी ऑप्शन के माध्यम से शिक्षक उपस्थिति दर्ज करेंगे। विद्यालय अवधि समाप्ति के बाद विद्यालय प्रधान द्वारा कार्य अवधि समाप्ति के बटन पर क्लिक किया जाएगा। एचएम करेंगे शिक्षकों के अवकाश की एंट्री स्वीकृत अवकाश की एंट्री के लिए स्कूल एडमिन के तहत मार्क ऑन लीव ऑप्शन को जोड़ा गया है। मार्क ऑन लीव मॉड्यूल पर विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों की सूची प्रदर्शित होगी। अवकाश की एंट्री प्रधानाध्यापकों द्वारा की जाएगी। स्वीकृति अवकाश को उनके नाम के सामने प्रदर्शित बटन को क्लिक करना पड़ेगा। सक्षम पदाधिकारी से करना होगा अनुमोदन कभी ऐसा समय आ जाए कि शिक्षकों का अवकाश के लिए लिखित आवेदन देने का समय नहीं मिला तो ऐसी स्थिति में छुट्टी के उपभोग के बाद लिखित आवेदन के आधार पर सक्षम पदाधिकारी द्वारा अनुमति के बाद ई- शिक्षा पोर्टल या एप के माध्यम से अवकाश की एंट्री की जा सकेगी। उपस्थिति पर होगा भुगतान अनाधिकृत तरीके गायब रहने वाले शिक्षकों को आकस्मिक या अनुमान्य अवकाश से सामांजित किया जाएगा।उक्त अवकाश की अनुपलब्धता पर बगैर वेतन की छुट्टी घोषित किया जाएगा।बीईओं को प्रत्येक माह ई-शिक्षा कोष पर दर्ज उपस्थिति के आधार पर अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों की सूची भी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना को उपलब्ध कराना होगा।उसी सूची के आधार पर एक अक्टूबर से वेतन का भुगतान किया जाएगा।

# शहीद जगदेव के शहादत दिवस पर तारापुर में हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राजद विधायक श्री कुशवाहा डेहरी थे**

प्रात: किरण संवाददाता



तारापुर( मुंगेर) । शनिवार को तारापुर स्थित रणगांव धर्मशाला में अमर शहीद जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस पर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया । गौरतलब है कि संगोष्ठी के मुख्य अतिथि फतेबहादुर सिंह कुशवाहा राजद विधायक डेहरी रोहतास थे । विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रवण कुशवाहा राजद के प्रदेश सचिव सह पूर्व प्रत्याशी लोकसभा चुनाव नवादा के अलावे सह अतिथि जितेंद्र कुशवाहा राजद प्रदेश सचिव थे । कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्री कुशवाहा डेहरी ने दीप प्रज्वलित कर किया । इस मौके पर विधायक श्री कुशवाहा ने सभा में उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद गरीबों शोषितों वंचितों दलितों के सबसे बड़े शुभचिंतक और मजबूत योद्धा के रूप में संपूर्ण प्रदेश में जाने जाते थे । आगे कहा कि आज हम सभी लोग अपने पुरखों में अमर शहीद जगदेव प्रसाद ने जो गरीबों वंचितों के लिए काम किया है ,उसे हम सभी लोग धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं जो बेहद दुखद है । शोषितों वंचितों के उत्थान को लेकर शहीद जगदेव प्रसाद के बताए रास्ते पर चलना होगा तभी मुझे सत्ता से लेकर राज्य सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था में उचित स्थान मिलेगा । इन्होंने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद के बाद प्रदेश के पिछड़ा अति पिछड़ा अल्पसंख्यक दलित महादलित के मुंह में अगर किसी नेता ने आवाज देने से लेकर सत्ता में भागीदारी दी जिनका नाम राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रहे लालू प्रसाद यादव एवं प्रतिपक्ष के नेता सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव हैं । वहीं जितेंद्र कुशवाहा ने शहीद जगदेव प्रसाद के जीवन वृत्त पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इन्होंने अमर शहीद जगदेव प्रसाद के पटना में होने वाले कार्यक्रम में सभी लोगों से आने के लिए निमंत्रण दिया । इसके पूर्व जितेंद्र कुशवाहा ने मुख्य अतिथि विधायक श्री कुशवाहा को अंग वस्त्र बुके माला देकर उनका भव्य स्वागत किया । समारोह को रफ मोहम्मद भोलू अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष राजद मुंगेर ने भी सभा को संबोधित किया । इस मौके पर राजद के सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद थे ।

# थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में कई मामलों का किया गया निष्पादन

प्रात: किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर थाना परिसर मे भूमी विवादों के निष्पादन के लिये जनता दरबार का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी रवीना गुप्ता ने किया । थाना प्रभारी के पी एस आई सुजाता कुमारी ने लिपिक सतीश कुमार व राजस्वकर्मी ने मौजूद थे।इस अवसर पर पूर्व से चली आ रही एक मामला लंबित था। वहीं नये शिरे से चार विवाद आया ।जिनमे नीरपुर पंचायत के आशा टोला निवासी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 80 के किनारे अतिक्रमण कर नये भवन निमार्णा कराने के प्रक्रिया पर पडोसी द्वारा रोक लगाने की मांग पर अंचलाधिकारी रवीना गुप्ता ने फटकार लगाते हुए कही कि राष्ट्रीय राज मार्ग 80 के भूखंड पर अवैध निमार्णा नही कर सकते है। उभय पक्ष द्वारा बाढ विभिषिकाओं को देखते हुए तत्काल तीन माह तक रहने दिया जाय। इस बात पर अंचलाधिकारी रवीना गुप्ता ने कहा आप लिखकर दो कि तीन माह के अन्दर अतिक्रमीत भुखंण्ड है से अतिक्रमण को स्वयं हटा लेगे। अगर नही हटाया गया तो सरकार स्वयं हटाकर खर्च भी मुझे से वसूल करेगी। लिखित आवेदन पर सुलह समझौता के तहत वापस ले लिया।बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के बहादुरपुर निवासी दिनेश शर्मा ने लिखित शिकायत दर्ज कर कहा कि हमारे सौतेला भाई सुजीत कुमार शर्मा व नीलम देवी पति प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा हमारे हिस्से के जमीन को गैरो के हवाले कर दिया है उसके मोटेशन पर रोक लगाने की कृपा किया जाय।इस पर अंचलाधिकारी ने केवाला के छाया प्रति के साथ आवेदन करते हुए राजस्वकर्मी को रोक लगाने का आदेश पारित कर दिया।रतनपुर पंचायत के काजीचक निवासी संजु देवी पति रमेश प्रसाद ने कही हमारे हिस्से दार द्वारा हमारे हिस्से के जमीन पर भवन निमार्णा करनेवाला है जो निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाय इस पर दोनों पक्षों को नोटीश जारी करते हुए अगले तिथि को उपस्थित होने का आदेश दिया। करहरिया दक्षिणी पंचायत के पीपरा निवासी प्रेमा देवी पति मनोज पासवान ने कही हमारे रैयती जमीन पर अवैध रुप से अतिक्रमण कर मकान निमार्णा किया जा रहा है रोक लगाने की कृपा किया जाय। जमीन के पैमाइश अंचल अमीन से कर रिपोर्ट दर्ज करे दोनों पक्षों को जमीन पर जाने से रोक लगाई जा रही है ।

## वार्ड सदस्य की अध्यक्षता में विद्यालय की बैठक संपन्न

मुंगेर (बिहार)। खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम राय टोला बनाहरा के प्राथमिक विद्यालय में एक बैठक की गई । इस बैठक की अध्यक्षता वार्ड सदस्य नितेश कुमार के द्वारा किया गया। इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिक्षिका अभिभावक एवं छोटे-छोटे बच्चे उपस्थित थे। बैठक में चर्चा की गई कि गई कि विद्यालय का बाउंड्री वॉल होना चाहिए। इससे बच्चे सुरक्षित रहेंगे। अभिभावकों को कहा गया कि आप अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें ।इस से। उनकी 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित होगा। बच्चों को आधार से जोड़ा जा रहा है कई बिंदुओं पर चर्चा की गई ।पढ़ता बिहार और बढ़ता बिहार शिक्षा बहुत जरूरी है। विद्यालय प्रधानाध्यापक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुआ।

